संख्या-1952/सैंतीस-2-2011-1(32)/10

प्रेषक,

डा0 हरशरण दास,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊः: दिनांक- 25 जून, 2011

विषयः- **बुन्देलखण्ड पैकेज अन्तर्गत भूसा क्रय हेतु समिति के गठन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-132/सा0-1/एक्स-120(187)/बु.ख.पै./2011-12, दि0-24.06.11 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से जनपद झांसी, जालौन एवं ललितपुर हेतु भूसा क्रय किये जाने के लिए समिति के गठन का अनुरोध किया गया है।

2- तत्क्रम में सम्यक विचारोपरान्त बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत भूसा गोदाम एवं फाडर ब्लाक इकाइयों की स्थापना हेतु क्षेत्र के तीन राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्रों यथा-आटा (जालौन), भरारी (झांसी) एवं सैदपुर (ललितपुर) में भूसा क्रय किये जाने के लिए निम्नानुसार समिति गठित किये जाने का निर्णय लिया गया हैः-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी द्वारा नामित प्रतिनिधि<br>(जो अपर जिलाधिकारी स्तर से कम न हो) | अध्यक्ष |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी का प्रतिनिधि<br>(जो जिला स्तरीय अधिकारी के स्तर का हो) | सदस्य |
| 3. | जिलाधिकारी द्वारा नामित वित्त/लेखा सेवा का अधिकारी | सदस्य |
| 4. | मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी | सदस्य सचिव |

3- कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 हरशरण दास)
प्रमुख सचिव

पृ0सं0-1952(1)/सैंतीस-2-2011- तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सम्बन्धित जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी।
2. सम्बन्धित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी।

आज्ञा से,

(उमा सिंह)
संयुक्त सचिव

P.T.O.